आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 16.12.2025 समय : 02.10PM

कैबिनेट

मध्यप्रदेश कैबिनेट ने आज कई अहम फैसलों को मंजूरी दी है। भोपाल और इंदौर मेट्रो रेल परियोजना के संचालन और रखरखाव के लिए वर्ष 2025–26 हेतु ₹90 करोड़ 67 लाख के बजट प्रावधान का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कैबिनेट निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि ..

उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल

वहीं मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत ₹905 करोड़ 25 लाख के व्यय को मंजूरी दी गई है, जिससे 18 से 45 वर्ष के स्थानीय युवाओं को ₹50 हजार से ₹50 लाख तक का ऋण बैंक के माध्यम से मिलेगा।इसके अलावा, प्रदेश में 6 वन विज्ञान केंद्रों की स्थापना के लिए ₹48 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं।

लोकसभा - रोजगार एवं आजीविका मिशन

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज लोकसभा में "विकसित भारत – गारंटी फॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025" प्रस्तुत किया।

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान

इस विधेयक का उद्देश्य ग्रामीण विकास को सशक्त बनाते हुए रोज़गार के अवसर बढ़ाना और ग्रामीण परिवारों की आय सुरक्षा मजबूत करना है। मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने

कहा कि गरीब कल्याण और गांवों का समग्र विकास सरकार का संकल्प है। मंत्रालय के अनुसार, इस विधेयक से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और समग्र विकास में ग्रामीण परिवारों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होगी।

खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

मध्यप्रदेश की विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो में आज से सात दिवसीय खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव की शुरुआत हो गई है। शिल्पग्राम परिसर में 22 दिसंबर तक चलने वाले इस महोत्सव में 20 देशों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। यह महोत्सव दिवंगत अभिनेता धर्मेन्द्र और असरानी को समर्पित है। आयोजक राजा बुंदेला के अनुसार, मुंबई फिल्म इंडस्ट्री के कई नामचीन कलाकार और विदेशी मेहमान शामिल होंगे। महोत्सव के दौरान सात टपरा सिनेमाहॉल में देश-विदेश की फिल्मों और नवोदित फिल्मकारों की शॉर्ट फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही कार्यशालाएं, मास्टर क्लास और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

अभ्युदय मध्यप्रदेश क्विज

प्रदेश सरकार ने युवाओं के लिए “अभ्युदय मध्यप्रदेश क्विज” की शुरुआत की है। इस क्विज में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। विजेताओं को 24 लैपटॉप, ई-स्कूटर, ई-बाइक, 24 विक्रमादित्य वैदिक घड़ियाँ और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ हाई-टी का अवसर मिलेगा।पुरस्कार वितरण समारोह 12 जनवरी 2026, स्वामी विवेकानंद जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) के अवसर पर भोपाल में आयोजित होगा। इच्छुक प्रतिभागी रजिस्ट्रेशन के लिए veerbharatnyas.com वेबसाइट पर विजिट करें

विजय दिवस

देश आज विजय दिवस मना रहा है। 16 दिसंबर 1971 को भारतीय सेना ने अदम्य साहस और रणनीतिक कौशल का परिचय देते हुए पाकिस्तानी सेना को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर किया था, जिसमें 93 हजार सैनिकों ने हथियार डाले थे। विजय दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीर जवानों के शौर्य को नमन किया। सोशल मीडिया पर संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दिन भारतीय सेना के साहस, अनुशासन और पराक्रम का स्वर्णिम अध्याय है।

उन्होंने शहीद जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पूरा देश आज भी सेना के शौर्य पर गर्व करता है।

संक्षिप्त समाचार

- त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन हेतु आगरमालवा जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-01 सुसनेर के रिक्त पद हेतु 10 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए है। नाम निर्देशन पत्रों की जांच आज की जा रही है।